| |
|---|
| दिनांक 23.02.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 24/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद आजमगढ़/थाना फूलपुर**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 स्कार्पियो वाहन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 23.02.2023 को थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मुडियार के बगीचे के पास स्कार्पियों वाहन पर सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त वाकिफ घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 01 स्कार्पियो वाहन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना देवगॉव पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद आजमगढ़, संतकबीरनगर, गोरखपुर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट, सीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 22 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना फूलपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—वाकिफ निवासी ग्राम नियाउज थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1–चोरी की 01 स्कार्पियो वाहन।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद आजमगढ़/थाना कोतवाली**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 23.02.2023 को थाना कोतवाली व सिधारी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बैठौली पुलिया के पास पगडंडी रास्ते पर मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–मो0 अकील उर्फ आकिब उर्फ आसिफ सहित अभियुक्त 2–शकील उर्फ भीमा घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त मो0 अकील उर्फ आकिब उर्फ आसिफ थाना देवगॉव पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त मो0 अकील उर्फ आकिब उर्फ आसिफ के विरूद्ध जनपद आजमगढ़ के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, चोरी, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 09 अभियोग व अभियुक्त शकील उर्फ भीमा के विरूद्ध जनपद आजमगढ़ के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, चोरी, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0 अकील उर्फ आकिब उर्फ आसिफ निवासी नत्थुपुर नटबस्ती थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़।

2–शकील उर्फ भीमा निवासी नत्थुपुर नटबस्ती थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद जालौन/थाना कदौरा

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 23.02.2023 को थाना कदौरा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हमीरपुर कदौरा रोड से बेरी जाने वाले सड़क के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त कासिम उर्फ परवेज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कदौरा पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कदौरा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कासिम उर्फ परवेज निवासी ग्राम चतेला थाना कदौरा जनपद जालौन।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद अमरोहा/थाना डिडौली

- **पुलिस कार्यवाही में 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 01 खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 22.02.2023 की रात्रि थाना डिडौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बुढनपुर से जिवाई जाने वाले रास्ते नहर पटरी से पुलिस कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त अमान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 01 खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद अमरोहा के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना अमरोहा देहात पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना डिडौली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अमान निवासी ढकिया चमन थाना डिडौली जनपद अमरोहा।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 01 खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल।

## जनपद मथुरा/थाना बल्देव

- **10–10 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 23.02.2023 को थाना बल्देव व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खडैरा पुलिया से 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–अशोक 2–शिवम उर्फ शुभम को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना बल्देव पर पंजीकृत अभियोग धारा 302/34 भादवि में वॉछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10–10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना बल्देव पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अशोक निवासी नरहौली जुन्नारदार थाना बल्देव जनपद मथुरा।

2–शिवम उर्फ शुभम निवासी नरहौली जुन्नारदार थाना बल्देव जनपद मथुरा।

## जनपद जौनपुर/थाना मुगराबादशाहपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के माल ब्रिकी के 4400/–रूपये नगद**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 22/23.02.2023 की रात्रि थाना मुगराबादशाहपुर, मछलीशहर व मीरगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नीभापुर रेलवे क्रासिंग के पास मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया, तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त अतुल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के माल ब्रिकी के 4400/–रूपये नगद, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद प्रतापगढ़, जौनपुर के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अतुल निवासी भूपियामऊ डिहवा थाना कोतवाली सिटी जनपद प्रतापगढ़।

**बरामदगी**

1–लूट के माल ब्रिकी के 4400/–रूपये नगद।

2–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना कोतवाली नगर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 20 लाख 50 हजार रूपये नगद बरामद**

दिनॉकः 22.02.2023 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नुमाईश फ्लाई ओवर के पास से अभियुक्त प्रशान्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 20 लाख 50 हजार रूपये नगद बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 31.10.2022 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत चोर द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर धारा 380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–प्रशान्त निवासी मोहल्ला कोठियात थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–चोरी के 20 लाख 50 हजार रूपये नगद।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना रामराज

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 25 लाख रूपये कीमत के 838 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त**
- **400 इन्वर्टर बैटरियां**
- **घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक बरामद**

दिनॉकः 23.02.2023 को थाना रामराज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकपोस्ट गंगा बैराज से 03 अभियुक्तों 1–सालवेन्द्र 2–जितेन्द्र 3–शम्भू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 25 लाख रूपये कीमत के 838 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त, 400 इन्वर्टर बैटरियां, घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना रामराज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सालवेन्द्र निवासी ग्राम जोयके थाना लोपोके जनपद अमृतसर, पंजाब।

2–जितेन्द्र निवासी चक कमालखां थाना भिंडीसीदन जनपद अमृतसर, पंजाब।

3–शम्भू निवासी ग्राम केटेन थाना काकसा जनपद वर्धमान , पश्चिम बंगाल।

**बरामदगी**

1–लगभग 25 लाख रूपये कीमत के 838 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त।

2–400 इन्वर्टर बैटरियां।

3–घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक।

## ➢ जनपद श्रावस्ती/थाना इकौना (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व 80–80 हजार रूपये अर्थदण्ड)

जनपद श्रावस्ती पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय एएसजे/एफटीसी जनपद श्रावस्ती द्वारा थाना इकौना पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/201/364 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–हरिशंकर 2–रामनरेश को सश्रम आजीवन कारावास व 80–80 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद मुजफ्फरनगर/थाना सिविल लाईन (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को 20–20 साल के कठोर कारावास की सजा व 31–31 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा थाना सिविल लाईन पर पंजीकृत अभियोग में धारा 364/506 भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त 1–मोहसिन 2–वाजिद को 20–20 वर्ष के कठोर कारावास व 31–31 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

—————————